# पांच लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जल्द ज़मीन पर उतरेंगे : योगी आदित्यनाथ

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले साढ़े 8 वर्षों में यूपी ने नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के माध्यम से अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन किया है। आज यूपी संभावनाओं से आगे बढ़कर 'परिणामों' का प्रतीक बन चुका है। प्रदेश में निवेश का गोल्डन टाइम है।

योगी ने रविवार को यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 5 इकाइयों को जमीन आवंटन पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो चुका है, इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। जल्द ही 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव जमीन पर उतारे जाएंगे। यूपी शीघ्र ही जेवर में अपना पांचवां इंटरनैशनल एयरपोर्ट शुरू करने जा रहा है। यह यात्री परिवहन के साथ ही कार्गो परिवहन के लिए बड़ा केंद्र होगा।

**ट्रेंड मैनपॉवर पर फोकस करना होगा:** सीएम ने कहा कि हमें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें ट्रेंड मैनपॉवर उपलब्ध करवाना होगा। इस दिशा में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विप्रा सक्रिय ढंग से कार्य को आगे बढ़ाए। श्रम सुधार के क्षेत्र में यूपी देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। पीएम के विजन को आगे बढ़ाते हुए यूपी में सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण/उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाई जा रही है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।

■ सीएम ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में पांच इकाइयों को सौंपा जमीन आवंटन पत्र
■ कहा- यूपी में निवेश का यह गोल्डन टाइम



## इन्हें मिला आवंटन पत्र

■ इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को 48 एकड़ भूमि आवंटित। 3706 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर चिप बनाएगी।
■ एसेंट सर्किट प्राइवेट लिमिटेड को 16 एकड़ भूमि आवंटित। 3250 करोड़ के निवेश से फ्लेक्सिबल पीसीबी, सेमीकंडक्टर सब्सट्रेट्स का उत्पादन।
■ अबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को 100 एकड़ भूमि का आवंटन। 3532 करोड़ रुपये के निवेश से कॉपर क्लेड लेमिनेट्स, पीसीबी असेंबली, कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड अप्लायंसेज बनाएगी।
■ बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 20.50 एकड़ भूमि दी गई। 532.18 करोड़ रुपये का निवेश होगा।